विज्ञापन पटों पर व्यय

2492. श्री राजनारायण : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकारी प्रचार के लिए दिल्ली और देश के अन्य बड़े शहरों में टेलीफोन और बिजली के खम्भों पर कुल कितने विज्ञापन पट लगाये गये हैं और उन पर कितना वार्षिक व्यय होता है ;

(ख) क्या ये विज्ञापन स्थल प्राइवेट पार्टियों से किराये पर दिए गए हैं और यदि हां, तो इन विज्ञापन स्थलों को सम्बन्धित विभाग से किराये पर न लेने के क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या विभाग ने ये विज्ञापन स्थल प्रदर्शन के लिए निःशुल्क प्रस्तुत किए हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 30-11-1978 तक लगाए गए इस प्रकार के विज्ञापन पटों की कुल संख्या और उन पर हुआ व्यय क्रमशः 6,655 और 5,32,689 रुपए है ।

(ख) सम्बन्धित विभाग टेलीफोन और बिजली के खम्भों पर विज्ञापन प्रदर्शित करने और उनको बुक करने का अन्य अधिकार अपने द्वारा नियुक्त सोल कन्सेशनरियों को देता है । अतः इन खम्भों पर स्थान किराए के लिए इन सोल कन्सेशनरियों के माध्यम से ही उपलब्ध है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

Assistance to Orissa under Rural Electrification Programme

2493. SHRI K. PRADHANI: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) the total amount of assistance given to the State of Orissa under the Rural Electrification programme during the last two years; and

(b) whether allocations have been fully utilised?

THE MINISTER OF ENERGY (SHRI P. RAMACHANDRAN): (a) and (b). During 1976-77 and 1977-78 an amount of Rs. 12.43 crores was disbursed for rural electrification programme in Orissa against an allocation of Rs. 11.20 crores. In addition, Rs. 1.80 crores was disbursed to Orissa State Electricity Board for System Improvement projects during 1977-78.

राष्ट्र गीत में परिवर्तन

2494. श्री राकेश देव घोडगे : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या केन्द्रीय सरकार को जुलाई, 1977 में बदली हुई परिस्थिति के अनुसार "जन गण मन" में कुछ परिवर्तन करने का सुझाव प्राप्त हुआ था ।

(ख) इस सुझाव का स्वरूप क्या है और राष्ट्रगीत में क्या-क्या परिवर्तन करने के सुझाव दिये गये हैं ; और

(ग) क्या सरकार का विचार राष्ट्रगीत में राष्ट्रीय स्तर पर क्रांतिकारी परिवर्तन पर विचार करने के लिए एक सर्वदलीय समिति गठित करने का है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मण्डल) : (क) तथा (ख). इस विषय पर माननीय सदस्य से जुलाई, 1978 में एक पत्र प्राप्त हुआ था । इस पत्र में अन्य बातों के साथ-साथ उल्लेख किया गया है कि राष्ट्रगीत में कई क्षेत्रों का जिक्र नहीं आता और इन क्षेत्रों के निवासियों की भावनाओं की उपेक्षा की गई है । इस पत्र से यह तर्क भी दिया गया है कि "अधिनायक" और "भारत भाग्य विधाता" जैसी अभिव्यक्तियों ने राष्ट्रगीत को प्रजातंत्र विरोधी प्रवृत्ति दी है ।

पत्र में यह सुझाव दिया गया था कि एक नया समाजवादी राष्ट्रगीत तैयार करने के लिए एक समिति नियुक्त की जाए ।

(ग) जी नहीं, श्रीमान ।

बहुराष्ट्रीय निगमों द्वारा निर्मित उपभोक्ता वस्तुओं का लघु उद्योगों के लिए आरक्षण

2495. श्री विजय कुमार मल्होत्रा : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन-किन उपभोक्ताओं का निर्माण बहुराष्ट्रीय निगमों द्वारा किया जा रहा है ;

(ख) उनमें से किन उपभोक्ता वस्तुओं का निर्माण ग्रामीण उद्योगों और छोटे उद्योगों द्वारा सफलता पूर्वक हो सकता है ; और

(ग) बहुराष्ट्रीय निगमों और बड़े उद्योगों की उत्पादन परिधि से इन वस्तुओं को निकालने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा र हैं ?